# 印地语听说

杨雷　编

中国人民解放军外国语学院

一九九三年六月

# पहला पाठ

## समय

हिन्दी में समय बताने में आपको विशेष कठिनाई नहीं होगी ।

आइए, सबसे पहले, घंटों को लें ।

हम कहते हैं, अब एक बजा, अब दो बजे हैं, अब तीन बजे हैं इत्यादि ।

एक और आधे को मिलाकर डेढ़, दो और आधे को मिलाकर ढाई कहते हैं । दो के बाद आधा जोड़कर बताने के लिए साढ़े शब्द का प्रयोग करते हैं, जैसे तीन और आधा साढ़े तीन, चार और आधा साढ़े चार इत्यादि ।

किसी संख्या में चौथाई जोड़कर बताने के लिए उसके साथ "सवा" शब्द का प्रयोग करते हैं । चौथाई कम करके बताने के लिए "पौने" का ।

अब सवा आठ बजे हैं, अब पौने नौ बजे हैं ।

आठ बजे से लेकर नौ बजे तक का समय इस प्रकार बतलाया जाएगा :

अब आठ बजकर पांच मिनिट हुए हैं ।

अब आठ बजकर दस मिनिट हुए हैं

अब सवा आठ बजे हैं ।

अब आठ बजकर बीस मिनिट हुए हैं ।

अब आठ बजकर पच्चीस मिनिट हुए हैं ।

अब साढ़े आठ बजे हैं ।

अब नौ बजने में पच्चीस मिनिट हैं ।

..2

अब नौ बजने में बीस मिनिट हैं ।

अब पौने नौ बजे हैं ।

अब नौ बजने में दस मिनिट हैं ।

अब नौ बजने में पांच मिनिट हैं ।

अब नौ बजे हैं ।

दिन और महीने, समय पूछना

क्या आप सप्ताह के दिनों के नाम जानते हैं ?

जी हां, रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, और शनिवार ।

मान लीजिये कि आज बुधवार है, तो कल कौन-सा दिन होगा ?

गुरुवार ।

और परसों ?

शुक्रवार ।

कल क्या दिन था ?

मंगलवार ।

और परसों ?

सोमवार ।

पिछले सोमवार को मेरा जन्म-दिन था ।

अच्छा ? फिर तो आपको बहुत बहुत बधाई ।

धन्यवाद । अब महीनों के नामों पर आइए --- जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्तूबर, नवम्बर, और दिसम्बर ।

ये तो हुए रोमन कैलेण्डर के अनुसार महीनों के नाम । अब महीनों के नाम भारतीय कैलेण्डर के अनुसार बताइए ।

सुनिए -- चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन ।

अच्छा, क्या आप मुझे ठीक समय बता सकते हैं ?

जी हां, मेरी घड़ी के अनुसार इस समय दो बजकर पांच मिनिट हुए हैं, पर इसके पूर्ण ठीक होने पर विश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि मेरी घड़ी कभी तेज हो जाती है और कभी धीमी ।

शब्दावली

| | | |
|---|---|---|
| मिलाना | स० क्रि० | 合，连接 |
| जोड़ना | स० क्रि० | 联合，连接 |
| प्रयोग | पु० | 使用，应用 |
| (का) प्रयोग करना | स० क्रि० | 使用，应用 |
| संख्या | स्त्री० | 数目，数量 |
| चौथाई | स्त्री० | 四分之一 |
| कम करना | स० क्रि० | 减少 |

| | | |
|---|---|---|
| जन्म-दिन | पु० | 生日 |
| बधाई | स्त्री० | 祝贺 |
| बधाई देना | स०क्रि० | 祝贺 |
| रोमन | वि० | 罗马的 |
| कैलेण्डर | पु० | 历法 |
| चैत्र | पु० | 印历正月 |
| वैशाख | पु० | 印历二月 |
| ज्येष्ठ (जेठ) | पु० | 印历三月 |
| आषाढ़ | पु० | 印历四月 |
| श्रावण (सावन) | पु० | 印历五月 |
| भाद्रपद | पु० | 印历六月 |
| आश्विन | पु० | 印历七月 |
| कार्तिक | पु० | 印历八月 |
| मार्गशीर्ष | पु० | 印历九月 |
| पौष (पूस) | पु० | 印历十月 |
| माघ | पु० | 印历十一月 |
| फाल्गुन | पु० | 印历十二月 |
| के अनुसार | अ० | 按照…，根据… |
| पूर्ण | वि० | 完全的 |
| विश्वास | पु० | 相信，信任 |



试读结束：需要全本请在线购买： www.ertongbook.com

| | | |
|---|---|---|
| (पर) विश्वास करना | स०क्रि० | 相信，信任 |
| धीमा | वि० | 慢的 |

सवाल-जवाब

१, अपनी घड़ी देखिए, फिर बताइए, अब कै बजे हैं ?

२, क्या आप जानते हैं कि आज कौन सा दिन है ? और परसों क्या दिन होगा ?

३, इस साल आप की गर्मी की छुट्टी किस महीने में होगी ?

४, आप यह जानते होंगे कि महात्मा गांधी का जन्म दो अक्तूबर अठारह सौ उनहत्तर को हुआ था । क्या आप हमें बता सकते हैं कि आप का जन्म कब हुआ है ?

## दूसरा पाठ

हमारा मकान

बम्बई में ऊँचे-ऊँचे भवन हैं ।

वहां प्रायः लोग फ्लैटों में रहते हैं ।

बहुत से लोग उपनगरों में अपने मकानों में रहते हैं ।

मैं भी बम्बई के एक उपनगर में रहता हूं । वहां मेरा छोटा सा मकान है । इसकी दो मंजिलें हैं । नीचे की मंजिल और ऊपर की, या पहली मंजिल ।

नीचे की मंजिल में बैठक, रसोईघर, दालान और भोजन-कक्ष हैं ।

दालान में छड़ी, छाता आदि टांगने के लिए खूंटियां लगी हैं ।

एक भाग में एक गुसलखाना और शौचालय हैं ।

ऊपर की मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियां हैं । इस मंजिल में दो सोने के कमरे और खुली छत है ।

घर के सामने एक छोटा सा बगीचा है । इसमें हम बेला, गुलाब आदि के फूल उगाते हैं ।

घर के पीछे बड़ा बागीचा है, जिसमें घास का मैदान और फलों के पेड़ हैं ।

इस बागीचे के एक भाग में तरकारियों की क्यारियां हैं । इनमें हम सब प्रकार की तरकारियां, जैसे -- आलू, टमाटर, गोभी, भिंडी आदि उगाते हैं ।

आइए, हम लोग अपने मकान के बारे में बातचीत करें । क्या आप बता सकते हैं कि हम लोग कहाँ रहते हैं ?

जी हाँ, आप बम्बई के एक उपनगर में रहते हैं ।

बिल्कुल ठीक । अब आप बताइए कि यह मकान बड़ा है या छोटा ?

जी, न तो बहुत बड़ा है और न बहुत छोटा ।

घर में कितने कमरे हैं ?

ठहरिए, बतलाता हूं -- एक, दो, तीन, चार, पांच, छह -- रसोईघर मिलाकर कुल छह कमरे हैं ।

सोने के कमरे ऊपर हैं या नीचे ?

वे ऊपर की मंजिल में हैं ।

नीचे की मंजिल में कौन कौन से कमरे हैं ?

नीचे की मंजिल में बैठक, रसोईघर, दालान, गुसलखाना, शौचालय और भोजन-कक्ष हैं ।

क्या हमारे यहां बागीचा भी है ?

जी हां, है ।

क्या हमारे यहां फलों के पेड़ बहुत से हैं ?

नहीं, बहुत नहीं हैं, केवल थोड़े से हैं ।

क्या आपको फल अच्छे लगते हैं ?

जी हां, मुझे फल बहुत अच्छे लगते हैं ।

## शब्दावली

| | | |
|---|---|---|
| भवन | पु० | 宫，大宅等 |
| फ़्लेट | पु० | 公寓 |
| उपनगर | पु० | 卫星城镇，住宅小区 |
| रसोईघर | पु० | 厨房 |
| दालान | पु० | 过厅，走廊 |
| भोजन-कक्ष | पु० | 饭厅 |
| छड़ी | स्त्री० | 手杖 |
| छाता | पु० | 伞 |
| टांगना | स०क्रि० | 悬挂 |
| खूंटी | स्त्री० | 衣帽勾 |
| शौचालय | पु० | 厕所，洗手间 |
| छत | पु० | 阳台 |
| बगीचा | पु० | 花园，园地 |
| बेला | पु० | 印度茉莉 |
| उगाना | स०क्रि० | 种植 |
| घास | पु० | 草 |
| तरकारी | स्त्री० | 蔬菜，菜肴 |
| क्यारी | स्त्री० | 田垄，畦 |
| भिंडी | स्त्री० | 一种蔬菜，其豆角供食用 |

| | | |
|---|---|---|
| बतलाना | स० क्रि० | बताना |
| उगना | अ० क्रि० | 生长 |

सवाल-जवाब

१, इस मकान की कितनी मंजिलें हैं ? इसमें कौन कौन से कमरे हैं ?

२, गुसलखाना और शौचालय कहाँ हैं ?

३, क्या ऊपर की मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियाँ हैं ?

४, घर में कुल मिलाकर कितने बागीचे हैं ? घर के सामने के बागीचे में क्या क्या फूल उगते हैं ?

५, अपने घर के बारे में कुछ बताइए ।

## तीसरा पाठ

### हमारी बैठक

आइए, हमारी बैठक का यह चित्र देखिए ।

सामने एक सोफ़ा रखा है । सोफ़े के पास एक अल्मारी है । इनमें पुस्तकें रखी हैं ।

दूसरी ओर एक बड़ी अल्मारी है, जिसमें तबला, वीणा और सितार रखे हैं । अल्मारी के दोनों ओर आराम-कुर्सियां रखी हैं ।

बैठक के मध्य भाग में एक छोटी गोल मेज़ है, जिसपर राखदानी और कुछ समाचार-पत्र भी हैं ।

मेज़ के पास एक छोटी सी कुर्सी है । दायीं ओर कोने में रेडियोग्राम रखा है ।

छत के मध्य में बिजली का एक पंखा लटक रहा है । पंखे के दोनों ओर एक-एक बिजली की बत्ती लटक रही है ।

रात को जब अंधेरा होने लगता है, तो हम बत्ती जलाते हैं । दिन में प्रकाश खिड़की से आता है ।

आइए, अब हमारी बैठक की तुलना राजेन्द्र जी की बैठक से करें ।

हमारा कमरा उनके कमरे से ज़रा बड़ा है, और इसमें अधिक फ़र्नीचर भी है ।

मेरी बैठक में बड़ी अल्मारी है, परन्तु राजेंद्र जी की बैठक में ऐसी कोई अल्मारी नहीं है ।



试读结束：需要全本请在线购买： www.ertongbook.com

राजेन्द्र जी की पत्नी और मेरी पत्नी दोनों को संगीत का बड़ा शौक है । दोनों सितार बजाती हैं । परन्तु मेरी पत्नी की अपेक्षा श्रीमती राजेन्द्र अधिक अच्छा बजाती हैं ।

मैं सितार नहीं बजाता, मैं तबला बजाता हूं ।

हमारी बैठक के बारे में वार्तालाप

क्या हमारी बैठक में पुस्तकों की अल्मारी है ?

जी हां, है ।

इसमें कितनी पुस्तकें हैं ?

पता नहीं, इसमें कितनी पुस्तकें हैं । मैंने गिनी नहीं हैं ।

छोटी मेज के ऊपर क्या है ?

राखदानी है ।

क्या कुछ और भी है ?

जी हां, दो आराम कुर्सियां हैं ।

क्या आपको हमारी बैठक पसन्द आयी ?

जी हां, मुझे आपकी बैठक बहुत पसन्द आयी ।

बताइए, आपको किस की बैठक अधिक अच्छी लगी है — राजेन्द्र जी की या हमारी ?

दोनों ही अच्छी हैं, पर आपकी बैठक अधिक व्यवस्थित है ।

धन्यवाद । हमारी बैठक अधिक सुन्दरता से व्यवस्थित तो है, [illegible]

इसका फर्नीचर इतना आधुनिक नहीं है, जितना कि श्री राजेंद्र की बैठक का ।

जी हां, मुझे उनका फर्नीचर पसन्द है ।

संगीत के कौन से साज़ आप को विशेष पसन्द हैं ?

यूं तो भारत के सभी साज मुझे बहुत पसन्द हैं, परंतु सितार विशेष रूप से अच्छा लगता है ।

मुझे भी सितार विशेष पसन्द है । इस साज की मधुरता अनोखी है । क्या आप हारमोनियम बजाते हैं ?

जी नहीं । क्या आप कोई साज बजाते हैं ?

जी हां, मैं तबला बजाता हूं ।

और आप की पत्नी ?

मेरी पत्नी सितार बहुत अच्छा बजाती है ।

शब्दावली

| | | |
|---|---|---|
| अलमारी (अल्मारी) | स्त्री० | 橱柜 |
| तबला | पु० | 手鼓（印度乐器） |
| वीणा | स्त्री० | 印度的一种弦琴 |
| सितार | पु० | 印度的一种七弦琴 |
| आराम कुर्सी | स्त्री० | 安乐椅 |
| गोल | वि० | 圆的 |

| | | |
|---|---|---|
| राखदानी | स्त्री० | 烟灰缸 |
| दायां | वि० | 右的，右面的 |
| रेडियोग्राम | पु० | 留声机 |
| पंखा | पु० | 扇子 |
| लटकना | अ० क्रि० | 悬挂 |
| बत्ती | स्त्री० | 灯 |
| अंधेरा | पु० | 黑暗 |
| | वि० | 黑暗的 |
| प्रकाश | पु० | 光亮，光线 |
| तुलना | स्त्री० | 比较 |
| (की) तुलना करना | स० क्रि० | 作比较 |
| फ़र्नीचर | पु० | 家具 |
| शौक | पु० | 兴趣 |
| (को) शौक होना | अ० क्रि० | 感兴趣 |
| अपेक्षा | स्त्री० | 比较 |
| की अपेक्षा | अ० | 与…相比 |
| वार्तालाप | पु० | 谈话，谈判，访谈 |
| (पर) वार्तालाप करना | स० क्रि० | 交谈，谈判 |
| व्यवस्थित | वि० | 有秩序的 |
| सुन्दरता | स्त्री० | 漂亮，美 |

| | | |
|---|---|---|
| साज़ | पु० | 乐器 |
| विशेष रूप से | | 特别地，特意地 |
| यूं तो | अ० | 一般说来 |
| मधुरता | स्त्री० | 悦耳 |
| अनोखा | वि० | 奇特的，非凡的 |
| हारमोनियम | पु० | 风琴 |

सवाल-जवाब

१, क्या इस बैठक में पुस्तक की अलमारी है ?

२, राखदानी कहां रखी है ? क्या वहां कुछ और चीज़ भी है ?

३, साज़ तो बैठक में कहां रखे हुए हैं ? वहां कौन से साज़ हैं ?

४, आप कौन सा साज़ बजा सकते हैं ?

## चौथा पाठ

### पान और धूम्रपान

संसार के दूसरे देशों के लोगों की भांति भारत में भी बहुत से लोग धूम्रपान करते हैं ।

कुछ लोग हुक्का पीते हैं । यह धूम्रपान का अत्यन्त पुराना ढंग है । किन्तु अब लोग सिगरेट तथा बीड़ी पीना अधिक पसन्द करते हैं । सिगार और पाइप का भी चलन हो गया है ।

कुछ जातियों के लोग धूम्रपान नहीं करते ।

यदि सिगरेट अथवा पाइप के लिए तम्बाकू खरीदना हो, तो आपको इनकी विशेष दुकानों पर जाना पड़ेगा ।

इन बड़ी दुकानों के अतिरिक्त गलियों और बाजारों में आपको छोटी-छोटी दुकानों से भी सिगरेट और बीड़ियां मिल सकती हैं । इन दुकानों को पान और बीड़ी की दुकानें कहते हैं । इनको पान-बीड़ी की दुकानें इसलिए कहते हैं कि बीड़ी के अतिरिक्त यहां पान भी बिकते हैं । इन दुकानों की विशेषता यह है कि छोटी सी होती है, परन्तु बहुत सुन्दर ढंग से सजी रहती हैं । सामने की ओर अनेक प्रकार के तम्बाकू तथा सिगरेटों के डिब्बे रखे रहते हैं । एक ओर पीतल के छोटे छोटे बर्तनों में पान तैयार करने के लिए कत्था, चूना, सुपारी आदि रहते हैं ।

मैंने सुना है कि कुछ धर्मों के माननेवालों को उनके धार्मिक नियमों द्वारा धूम्रपान करने से रोका गया है ?

जी हां, यह सच है । सिख धर्म में धूम्रपान करना मना है । ... छोटे नगरों की गलियों में पान-बीड़ी की छोटी छोटी दुकानें होती हैं ।

बीड़ी किसे कहते हैं ?

तंबाकू को एक विशेष वृक्ष के पत्तों में लपेटकर सिगरेट की तरह से पीते हैं ।

और पान किसे कहते हैं ?

पान एक वेल के पत्ते का नाम है । इस पत्ते को चूना, कत्था, सुपारी और सौंफ़ के साथ चबाते हैं ।

क्या भारतवासी पान के बहुत शौकीन हैं ?

जी हां, पान यहां काफ़ी प्रचलित हैं । अतिथि-सत्कार में भी प्रायः पान का प्रयोग किया जाता है ।

क्या इन दुकानों पर हर प्रकार के सिगरेट मिल सकते हैं ?

साधारण रूप से मिल जाते हैं, परन्तु अधिक दामों वाले सिगरेट ये लोग नहीं रखते । यदि किसी विशेष कम्पनी के सिगरेट या तंबाकू की आदत हो, तो आवश्यकतानुसार उसे किसी बड़ी दुकान से खरीद लेना चाहिए ।



试读结束：需要全本请在线购买： www.ertongbook.com